किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय उ0प्र0, लखनऊ– 226003

निर्माण विभाग (सिविल सेक्शन)

फोन (कुलसचिव कार्यालय) : 0522–2257540 फैक्स : 0522–2257539 बेबसाइट : www.kgmcindia.edu.

पत्रांक: 3417/सि0/10 दिनांक 06/08/2020

नोटिस

निर्माण विभाग किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, उ0प्र0, लखनऊ के माध्यम से विभिन्न विभागों में होने वाले अनुरक्षण/सिविल कार्यो को दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से अति अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या 3394 /एम-10 दिनांक 06.8.2020 के द्वारा मोहर बन्द निविदाएँ आमंत्रित करने सम्बन्धी सूचना जारी की गयी है। (छायाप्रति संलग्न) जिसके अर्न्तगत निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों द्वारा दिनांक 13.08.2020 को अपरान्ह 3.00 बजे तक निर्माण विभाग के निविदा बाक्स में मोहर बन्द निविदाएं डाली जायेगी तथा प्राप्त निविदाओं को उसी दिन अपरान्ह 3.30 बजे निर्माण विभाग मे मा0 कुलपति जी द्वारा गठित समिति के निम्नलिखित सदस्यों के समक्ष खोली जायेगी:-

1. अधिष्ठाता दंत संकाय, के0जी0एम0यू0 (मा0 कुलपति जी द्वारा नामित सदस्य) -सदस्य
2. कुलसचिव, के0जी0एम0यू0 लखनऊ। -सदस्य
3. वित्त अधिकारी, के0जी0एम0यू0 लखनऊ। -सदस्य
4. मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/ अधीक्षक, के0जी0एम0यू0 लखनऊ। -सदस्य
5. कार्य स्थल विभाग के विभागाध्यक्ष/प्रोवोस्ट/इंचार्ज (जैसी स्थिति हो), के0जी0एम0यू0 लखनऊ। -सदस्य
6. अधिशासी अभियन्ता निर्माण विभाग, के0जी0एम0यू0 लखनऊ। -संयोजक

अतः उपरोक्त सदस्यों से अनुरोध है कि उक्त निर्धारित तिथि समय एवं स्थान पर उपस्थित होकर बैठक में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

(दिनेश कुमार राज)
अधिशासी अभियन्ता

संलग्नकः- उपरोक्तानुसार
संख्याः 3418–21/सि0/10 **दिनांक** 06/08/2020

वितरणः-

1. उपरोक्त सदस्यों को एक एक प्रति।
2. फैकल्टी इंचार्ज/को-फैकल्टी इंचार्ज, वर्क्स, के0जी0एम0यू0 उ0प्र0, लखनऊ।
3. मा0 कुलपति जी के निजी सचिव को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
4. पुलिस चौकी इंचार्ज, के0जी0एम0यू0 लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि उक्त निर्धारित तिथि दिनांक 13.08.2020 को निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने तक निर्माण विभाग की सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने का कष्ट करें।

(दिनेश कुमार राज)
अधिशासी अभियन्ता

किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय उ0प्र0, लखनऊ– 226003

निर्माण विभाग (सिविल सेक्शन)

फोन (कुलसचिव कार्यालय) : 0522–2257540 फैक्स : 0522–2257539 बेबसाइट : www.kgmcindia.edu.

पत्रांक: 3394/सि-10 दिनांक: 06.08.2020

अति-अल्पकालीन निविदा सूचना

निर्माण विभाग, सिविल सेक्शन, किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा चिकित्सा विश्वविद्यालय के निम्नलिखित कार्यो हेतु मोहरबन्द निविदायें निर्माण विभाग, सिविल सेक्शन मे पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र कैशियर, गॉधी स्मारक एवं सम्बद्ध चिकित्सालय लखनऊ मे निर्धारित धनराशि जमा करके निर्माण विभाग, सिविल सेक्शन कार्यालय से दिनांक 13.08.2020 अपरान्ह 2.00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है तथा निविदा दिनांक 13.08.2020 को अपरान्ह 3.00 बजे तक निर्माण विभाग मे रखे निविदा बाक्स मे डाली जा सकती है। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 13.08.2020 को अपरान्ह 3.30 बजे निर्माण विभाग मे निविदा कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस को डाली एवं खोली जायेगी। सम्बन्धित कार्यों, नियम व शर्तों के सम्बन्ध मे जानकारी चिकित्सा विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.kgmcindia.edu पर भी की जा सकती है। किसी भी निविदा को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार मा0 कुलपति जी मे निहित होगा।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत रू0 लाख मे	जमानत धनराशि रू0 लाख मे	कार्य पूर्ण करने की अवधि	टेण्डर/स्टेशनरी शुल्क + 18% जी0एस0टी0
1	Providing and fixing of aluminum partition and doors in hepatitis lab (old blood bank) and other misc. work and other misc. work in Microbiology department building. for prevention of COVID-19	2.25	0.23	1 week	575.00+104.00
2	Construction of Help desk for COVID-19 near Gandhi ward	2.10	0.21	1 week	575.00+104.00
3	Making partition wall with M.S structure and PPGI sheet to cordon off back portion of ward no.1 at Gandhi ward for prevention of COVID-19	2.29	0.23	1 week	575.00+104.00
4	Providing and laying Polycarbonate shed above covid help desk and ramp of Gandhi ward for prevention of COVID-19	5.67	0.57	2 weeks	650.00+117.00

नियम एवं शर्तें:-

1. निविदा के साथ निर्धारित धरोहर राशि वित्त अधिकारी, किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय उ0प्र0, लखनऊ के पक्ष मे बंधक के रूप मे एफ0डी0आर0/राष्ट्रीय बचत पत्र के रूप मे जमा करना होगा।
2. सशर्त निविदाओं पर कोई विचार नही किया जायेगा।
3. निविदा के समय समस्त ठेकेदारों को पंजीयन प्रमाण-पत्र हैसियत प्रमाण-पत्र, चरित्र प्रमाण-पत्र जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन एवं पैन कार्ड की स्वप्रमाणित प्रति संलग्न करनी होगी। किसी प्रमाण-पत्र के गलत पाये जाने पर सम्बन्धित ठेकेदार के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।
4. समस्त दरों मे जी0एस0टी0 को छोड़कर सभी प्रकार के कर, रायल्टी व लाभांश सम्मिलित हैं।
5. आयकर, जी0एस0टी0 एवं लेबर सेस की कटौती नियमानुसार की जायेगी।
6. कार्यस्थल की आवश्यकतानुसार मात्राओं मे विचलन हो सकता है जिसके लिये ठेकेदार बाध्य होगा।
7. प्रत्येक निविदादाता द्वारा रू0 100.00 के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र (निर्धारित प्रपत्र पर) निविदा मे लगाया जायेगा।
8. पंजीकृत ठेकेदार को ठेका दिये जाने के पश्चात् कभी भी यह संज्ञान मे आता है कि वह ठेकेदार सक्रिय रूप से माफिया गतिविधियों, असामाजिक कार्यो एवं संगठित आपराधिक गतिविधियों मे लिप्त है तो उसे प्रदान किया गया कार्य का ठेका नोटिस जारी कर सक्षम प्राधिकारी द्वारा ठेका निरस्त कर दिया जायेगा।
9. सक्षम अधिकारी को बिना कोई कारण बताये एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।
10. डाक मे हुई देरी के लिए निविदा आमन्त्रितकर्ता/विभाग किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नही होंगे।
11. सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।
12. कार्यस्थल की प्रतिदिन सफाई किया जाना अनिवार्य है।

(दिनेश कुमार राज)
अधिशासी अभियन्ता